Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development of garden and sports field on the vacant land under CPWD in Malvani, Malad West, Mumbai.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): महोदय, अपने संसदीय क्षेत्र नॉर्थ मुंबई के अन्तर्गत सीपीडब्ल्युडी ग्राउंड, सीटीएस नं० 2840, मालवानी, मलाड (पश्चिम), मुंबई-400 095 में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की शिथिलता की वजह से उपर्युक्त स्थल पर सभी औपचारिकताएं पूरी होने के पश्चात् आज तक भी गार्डन (बगीचा) और खेल के मैदान को विकसित नहीं गया है और न ही स्वीकृत ले-आउट के अनुसार यहां पर जो स्कूल और केन्द्रीय कार्यालय एवं केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण प्रस्तावित है, वह हो सका है । उपर्युक्त रिक्त पड़ी केन्द्रीय भूमि को विकसित करके संदर्भित कार्यों को करवाए जाने हेतु विगत 8 वर्षों से निरंतर पत्राचार करता चला आ रहा हूं । लेकिन मुझे अत्यधिक खेद एवं आश्चर्य है कि यह कार्य बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ा है और अब जबकि ले-आउट इत्यादि स्वीकृत हो चुके हैं, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इन कार्यों को करवाए जाने में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे हैं । अतः सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में उपरोक्त रिक्त पड़ी केन्द्रीय भूमि में गार्डन (बगीचा) और खेल के मैदान हेतु विकसित करके स्थानीय जनता को सुलभ करवाए जाने और तत्पश्चात् स्वीकृत ले-आउट के अनुसार स्कूल एवं केन्द्रीय कार्यालय और केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण करवाए जाने हेतु निर्देशित किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : यदि सभा की सहमति हो तो नियम 377 माननीय मंत्री जी के जवाब के बाद जारी रखें ।

अनेक माननीय सदस्य : जी हाँ ।

14.33hrs